तापमान
अधिकतम 43.6 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, मई 23, 2025

11 वायु प्रदूषण मानवता के लिए खतरा, निभानी होगी जिम्मेदारी



12 कन्हेली गांव में पानी का संकट गहराया ग्रामीणों में गुस्सा



# एमडीयू, पीजीआईएमएस के अलावा दूसरे सरकारी विवि कर्मचारियों को झटका, अप्रैल का वेतन अटका

## सेलरी के लिए 22 दिन से इंतजार कर रहे हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी

- हर महीने की 10 तारीख तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एचकेआरएन कर्मियों को सेलरी मिल जाती थी।
- यूनिवर्सिटीज प्रशासन ने मार्च के अंतिम सप्ताह में कर्मियों का अनुबंध वर्ष 2025-26 तक बढ़ाने का अनुरोध भेजा था

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत ए प्लस महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में नौकरी कर रहे कर्मचारियों को अभी तक अप्रैल का वेतन नहीं मिला है। जिससे कर्मचारियों के सामने बड़ी समस्याएं खड़ी हो चुकी हैं। हर महीने की 10 तारीख तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एचकेआरएन कर्मियों को सेलरी मिल जाती थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ तो एम्पलाइज के सामने कई प्रकार की दिक्कतें खड़ी हो चुकी हैं। किसी ने ग्रोसरी विक्रेता का हिसाब-किताब करना है तो, कोई बच्चों की फीस भरने के इंतजार में है। वेतन में दस-बारह दिन की देरी होने कर्मचारियों को सालभर के अनाज का पैसा मंडी में अनाज विक्रेताओं को चुकता करना है।

### बिना नवीनीकरण वेतन जारी नहीं कर सकते विश्वविद्यालय



सेलरी में इतनी देरी होने के बारे में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी कुछ भी सही नहीं बता पा रहे। एकाध अधिकारी नाम न छापने की शर्त पर कहते हैं कि सरकार ने अभी तक अगले एक साल तक नौकरी करवाने के अनुबंध का नवीनीकरण ही नहीं किया। बिना नवीनीकरण वेतन विश्वविद्यालय जारी कर नहीं सकते हैं और इसी वजह से कर्मचारियों को वेतन अभी तक नहीं दिया गया। बताया जा रहा है कि यूनिवर्सिटीज प्रशासन ने तो मार्च के अंतिम सप्ताह में ही कर्मियों का अनुबंध वर्ष 2025-26 तक और बढ़ाने का अनुरोध भेज दिया था। लेकिन सरकार ने दो महीने बीते जाने के बाद भी आज तक अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया।

### नौकरी पक्की नहीं, इसलिए चुप्पी साधना मजबूरी

एमडीयू और पीजीआईएमएस के अलावा राज्य की दूसरी सरकारी यूनिवर्सिटी में एचकेआरएन कर्मचारियों की अच्छी-खासी तादाद बताई जा रही है। चूंकि कर्मचारियों की नौकरी पक्की नहीं है। इसलिए चुप्पी साधना उनकी मजबूरी है। सरकारी कर्मचारियों को हर महीने एक तारीख को वेतन दिया जाता है। ध्यान ये भी रहे कि सरकार ने गत विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने एचकेआरएन कर्मचारियों की नौकरी पक्की करने की घोषणा की थी, लेकिन कर्मियों को आज तक सरकार की तरफ से ऐसा कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे सर्विस को लेकर चिंता खत्म होती हों। आए दिन ऐसे मामले प्रकाश में आते हैं कि किसी ने किसी विभाग से एचकेआरएन कर्मचारियों को रिलिव कर दिया गया है।




### परेशानी
### दो यूनिवर्सिटी में 2500 कर्मचारी प्रभावित

अकेले महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में एचकेआरएन 1054 कर्मचारी जनवरी 2023 से नौकरी कर रहे हैं। एमडीयू के साथ लगते पंडित भगवतदयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में 1400 कर्मचारी एचकेआरएन के हैं। ध्यान रहे कि स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय कर्मियों पर पूरे प्रदेश की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का जिम्मा है। प्रदेश के एकमात्र पीजीआईएमएस में प्रतिदिन 7-8 हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसके अलावा तकरीबन 2500 मरीज पीजीआईएमएम में भर्ती भी रहते हैं। एचकेआरएन के कर्मी कड़ी मेहनत करके स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन अब इन्हें वेतन के लाले पड़े हैं।

### कंपनियों, फर्मों के मार्फत की जाती है नियुक्ति

हरियाणा कौशल रोजगार निगम से पहले तमाम सरकारी विभागों में ठेके पर कर्मियों की नियुक्ति विभिन्न कंपनियों, फर्मों के मार्फत की जाती है। अमूमन वेतन के लिए कर्मचारियों को दो-चार होना पड़ता था। कई बार तो ऐसे मामले भी प्रकाश में आए कि कई-कई महीने तक सेलरी नहीं दी जाती थी। जब रोजगार निगम का गठन किया गया था तो सरकार ने कहा था कि इससे कर्मचारियों को शोषण से मुक्ति मिल जाएगी। कौशल रोजगार हरियाणा सरकार का एक निगम है, जो राज्य में सरकारी संस्थाओं को अनुबंध पर मानव श्रम उपलब्ध करवाता है। ये एक अधिकृत एजेंसी के रूप में काम करता है। सरकारी विभाग कर्मचारियों की डिमांड निगम के पास भेजते हैं। फिर निगम ऑनलाइन आवेदन मांगता है।

### आदेश मिलते ही वेतन दे दिया जाएगा



अप्रैल का वेतन अभी तक केवल महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय कर्मियों को ही नहीं मिला है, बल्कि प्रदेश की सभी स्टेट यूनिवर्सिटीज में सेलरी अभी तक रिलिज नहीं हुई है। तनख्वाह को लेकर जैसे ही सरकार की तरफ से आदेश मिलेंगे, तुरंत कर्मचारियों को वेतन दे दिया जाएगा। हमारे विश्वविद्यालय की तरफ से सेलरी को लेकर किसी भी प्रकार की प्रशासनिक ढिलाई नहीं है। *-प्रो. आशीष दहिया, निदेशक, जनसंपर्क विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक।*

## खबर संक्षेप



### शिविर में 72 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन के संस्थापक संत बाबा सुखा शाह ने बताया कि शिविर में 72 लोगों ने रक्तदान किया। सुमन ने पहली बार रक्तदान किया। संत बाबा सुखा शाह ने रक्तदाताओं को बैच तथा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुभाष गोगिया, श्वेता, डॉ. लतेश, डॉ. तिलक, देवराज हुड्डा, राजेंदर मनचंदा, आदि मौजूद रहे।

### मदिव ने कई परीक्षा परिणाम जारी किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने एमए-लोक प्रशासन डीडीई प्रथम सेमेस्टर के फ्रेश व री-अपीयर, दूसरे सेमेस्टर के री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर के फ्रेश व री-अपीयर, एमए-योग विज्ञान एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश व प्रथम सेमेस्टर सीबीसीएस री-अपीयर, एमए-लोक प्रशासन डीडीई के तीसरे सेमेस्टर के फ्रेश व री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

### जिंदराण में प्रशासन का रात्रि ठहराव आज

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 23 मई शुक्रवार को शाम 5 बजे हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत जिला के रोहतक खंड के गांव जिंदराण में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित होगा। डीसी उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह इस कार्यक्रम में ग्रामीणों की शिकायतें व समस्याएं सुनेंगे तथा मौके पर संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों व समस्याओं के समाधान के निर्देश देंगे।

### विकास भवन में आज होगी दिशा की बैठक

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 23 मई को दोपहर बाद एक बजे स्थानीय जिला विकास भवन के डीआरडीए सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा सह-अध्यक्ष होंगे।

### 30 तक जमा करवाए जा सकते हैं नामांकन पत्र

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव के कार्यक्रम के अनुसार 30 मई तक संबंधित ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच व पंच के रिक्त पदों के लिए 15 जून को उप चुनाव होगा।

### कब्जा हटवाने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 13 से अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत एचएसवीपी के उपमंडल अभियंता राजीव कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# महम में घूम रही संदिग्ध काली गाड़ियां, दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

- महम के कई वकीलों ने इस संबंध में आपत्ति जाहिर की

पिछले कुछ दिन से महम शहर व आस पास के क्षेत्र में कुछ संदिग्ध काले रंग की काले शीशे लगी गाड़ियां घूम रही हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। महम के कई वकीलों ने इस संबंध में आपत्ति जाहिर की है। कहा है कि पुलिस की नाक के नीचे बदमाश किस्म के लोग लोगों में भय पैदा करने के लिए घूम रहे हैं। लेकिन पुलिस इन बेलगाम वाहन चालकों पर अंकुश नहीं लगा रही। वकीलों ने बताया कि ऐसे वाहन चालक लोगों में खौफ पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही वकीलों ने यह भी कहा कि इन संदिग्ध काली स्कार्पियो गाड़ियों के अलावा अनके वाहन चालक अपने वाहनों पर बेवजह तरह-तरह के स्टीकर लगाकर घूम रहे हैं। बहुत से ऐसे लोग हैं, जो न तो पुलिस के पेशे से जुड़े हुए हैं और न ही पत्रकारिता क्षेत्र से उनका कोई संबंध है। फिर भी वाहनों पर पुलिस और प्रेस लिखकर घूम रहे हैं। यहां तक की एक वाहन पर तो जज का स्टीकर भी लगा हुआ देखा गया है। जबकि इन प्रोफेशन से उन लोगों का कोई लेना देना नहीं होता। संदिग्ध वाहन चालकों और रौब जमाने के लिए पुलिस, प्रेस और जज आदि लिखकर घूम रहे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# बिल्डिंग मटेरियल का ऑफिस में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- बोहर के रहने वाले रोहित के कार्यालय में 19 मई को चोरी हुए थे 1 लाख 96 हजार रुपये
- अमित उर्फ टुंडा व अंकित निवासी कंसाला पकड़े

पुलिस की टीम ने चोरी की वारदात में शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो को अदालत में पेश किया गया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रभारी थाना अर्बन एस्टेट प्रदीप कुमार ने बताया कि बोहर निवासी रोहित की शिकायत के आधार पर जांच में सामने आया कि रोहित ने बिल्डिंग मटेरियल का ऑफिस कर रखा है। 19 मई को रोहित अपने ऑफिस को खुला छोडकर किसी काम से अपने गांव बोहर की तरफ चला गया। वापिस आकर देखा तो ऑफिस मे रखी अलमारी खुली हुई मिली व अलमारी से करीब 1 लाख 96 हजार रुपये नही मिले। ऑफिस मे लगे सीसीटीवी कैमरो में वारदात कैद हो गई। दौरान जांच सीसीटीवी फुटेज से आरोपियो की पहचान की गई। बुधवार को आरोपी अमित उर्फ टुंडा व अंकित निवासीगण कंसाला को गिरफ्तार किया गया है।

# महम-खेड़ी सड़क के निर्माण में नहीं डाली जा रही पर्याप्त सामग्री



**महम।** निर्माण कार्य का निरीक्षण करते भाजपा नेता अजीत अहलावत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

फरमाणा चुंगी महम से खेड़ी गांव तक जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण में पर्याप्त निर्माण सामग्री नहीं डाली जा रही। जिस वजह से लोगों में रोष बना हुआ है। लोगों की शिकायत पर भाजपा नेता अजीत अहलावत सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। अजीत अहलावत ने बताया कि स्थानीय नागरिकों की शिकायत सही पाई गई। सड़क निर्माण में पर्याप्त पत्थर नहीं डाला जा रहा। उन्होंने इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से की है। साथ ही मांग की है कि जिला उपायुक्त और महम के एसडीएम इस मामले में जांच करके दोषी अधिकारी व ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें।

### सुपवा में वेटिंग फॉर गोडोट नाटक ने बांधा समां



# 23 हजार रुपये की ठगी का आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने टास्क के नाम पर 23 हजार रुपये की ठगी की वारदात मे शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। गहनता से उसकी जांच की जा रही है। प्रभारी थाना लाखनमाजरा समरजीत सिंह ने बताया कि 20 जनवरी को लाखनमाजरा निवासी बबीता की शिकायत के आधार पर जांच में सामने आया कि 21 नवंबर 2024 को बबीता के पास टेलीग्राम पर मैसेज आया कि 23 हजार रुपये इनवेस्ट करने पर डबल रुपये मिलेंगे। बबीता के पास उन्होने स्कैनर भेज दिया। बबीता ने 23 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद लिंक भेजकर बबीता को टास्क पूरा करने को कहा। जिसके बाद उन्होने बबीता को कहा कि 68 हजार रुपये और लगाने पडेंगे। जिसके बाद सारे रुपये डबल हो जाएंगे। बबीता को पता चला कि उसके साथ टास्क के नाम पर ठगी हुई है। सहायक प्रवीण द्वारा जांच में आरोपी अमन निवासी डूण्डलोद नवलगढ जिला झुंझनु, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।

### पीजीआई के डॉक्टर की आत्महत्या का मामला

# एसपी से मिले परिजन, बोले- एसआईटी गठित की जाए, युवती और युवकों के नाम भी लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआई में हाउस सर्जन की नौकरी करने वाले मंदीप की मौत की जांच में एसआईटी के गठन को लेकर जींद निवासी उनके भाई शिवम ने एसपी नरेंद्र को वीरवार एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने अपने भाई मंदीप की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि उनका भाई मंदीप पीजीआईएमएस पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में हाउस सर्जन के पद पर कार्यरत था। 18 मई को जब उनसे संपर्क नहीं हो पाया तो परिवार को चिंता हुई। मॉडल टाउन जहा पर वह किराए पर रहता था, वहां पर आकर देखा तो मंदीप का शव पखें से लटका हुआ है। शिवम का आरोप है कि मनीष की हत्या की गई है, और इस मामले में उसके साथ रहने वाली युवती डिंपल तथा कुछ अन्य युवकों की भूमिका संदिग्ध है। परिजन इस घटना को हत्या मानते हुए विशेष जांच दल के गठन की मांग कर रहे हैं। शिवम ने कहा कि जब तक निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक न्याय नहीं मिलेगा।



**रोहतक।** एसपी से मिलने आए मृतक के परिजन।

## पीजीआईएमएस में एजेंसी पर लगे आरोपों का मामला

# सीएम फ्लाइंग की टीम जांच करने पहुंची, दस्तावेज देख वापस लौटी

**रोहतक।** पीजीआईएमएस में बेयरर और अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए वाली एजेंसी के खिलाफ की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने पीजीआई में पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की है। टीम कुछ दस्तावेज अपने साथ लेकर गई है। मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. कुंदन मित्तल भी मामले की जांच में लगे हुए हैं। डॉ. मित्तल ने शिकायतकर्ताओं और फर्म के प्रतिनिधियों दोनों के साथ सुनवाई की है और वह बैंक लेनदेन रिकॉर्ड और ड्यूटी रोस्टर की जांच कर रहे हैं। फर्म को यूएचएसआर और पीजीआईएमएस अधिकारियों को पारिवारिक संबंधों वाले सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। बता दें कि फर्म के तीन पूर्व आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा शिकायत दी गई थी कि कई पीजीआईएमएस अधिकारियों के परिवार के सदस्यों और करीबी रिश्तेदारों को फर्म के माध्यम से नियुक्त किया गया है। इसके अलावा वेतन संबंधी और और अन्य तरह की अनियमितताएं की हैं।



**रोहतक।** पीजीआई में जांच करते सीएम फ्लाइंग की टीम।

### ये आरोप लगाए

आरोप है कि कुछेक को बिना ड्यूटी दिए ही वेतन दिया जा रहा है। वर्तमान में फर्म के अंतर्गत 1,100 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी काम कर रहे हैं। इसके अलावा, शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि आउटसोर्स कर्मचारियों के उपस्थिति रिकॉर्ड को समझौता ज्ञापन (एमओयू) में उल्लिखित शर्तों का उल्लंघन करते हुए अनधिकृत कर्मियों द्वारा सत्यापित किया जा रहा था।

# एजेंसी ने रखे तथ्य, डॉक्टर्स ने कहा दस्तावेज फर्जी, मेरे हस्ताक्षर नकली

**रोहतक।** पीजीआईएमएस रोहतक में प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी पर वेतन व हाजिरी में अनियमितता के मामले में एजेंसी ने तथ्य रखे और पक्ष बताया। एजेंसी के अधिकारियों का कहना है कि जिन कर्मचरियों ने शिकायत की है, वे टर्मिनेट किए जा चुके हैं। ब्लैकमेल करने के लिए झूठी शिकायत की गई है। अब जांच में सब कुछ साफ हो रहा है और आरोप झूठे साबित हो रहे हैं। जांच में सामने आ रहा है कि टर्मिनेटेड कर्मचारियों द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीन और फर्जी दस्तावेजों पर आधारित हैं। दस्तावेज सही नहीं हैं और उनमें दर्शाए गए डॉक्टरों के हस्ताक्षर भी नकली हैं। संबंधित डॉक्टरों ने स्वयं साफ किया है कि उन्होंने ऐसे किसी भी पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए और शिकायत में उनके नाम व हस्ताक्षर का गैरकानूनी तरीके से दुरुपयोग किया गया है। इस पूरे मामले को गंभीर मानते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ और झूठी शिकायत न कर सके।

### हाजिरी और वेतन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, कोई गड़बड़ नहीं

एजेंसी ने बताया कि वेतन और उपस्थिति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सरकारी प्रणाली के अनुरूप है। पीजीआईएमएस के अधिकृत अधिकारी ही हर कर्मचारी की हाजिरी सत्यापित करते हैं और उसके बाद ही बिलिंग की प्रक्रिया होती है। वेतन का भुगतान एस्क्रो अकाउंट के माध्यम से सीधे कर्मचारियों के बैंक खातों में किया जाता है, जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई संभावना नहीं रहती। उन्होंने बताया कि यह एक सरकारी प्रक्रिया है और इसमें किसी भी प्रकार की हेराफेरी की गुंजाइश नहीं। हर कर्मचारी, कभी भी अपनी हाजिरी और वेतन विवरण चेक कर सकता है।

### कर्मचारियां की हो चुकी शिकायत

एजेंसी की ओर से बताया गया कि जिन कर्मचारियों ने शिकायत दी है, उनकी शिकायत अन्य कर्मचारी कर चुके हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सैनी किलोई आए थे, उस समय भी इन कर्मचारियों की शिकायत की गई थी। कुछ कर्मचारी हेल्थ केयर रोहतक एसोसिएशन के नाम पर संगठन बनाकर कौशल रोजगार निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर अन्य कर्मचारियों से चंदा वसूली भी करते थे। जिसकी कई शिकायतें पहले भी पीजीआईएमएस और यूनिवर्सिटी प्रशासन को मिली थीं।

# क्रेडिट कार्ड बंद करवाने के चक्कर में गवाएं 33 हजार 951 रुपये

**रोहतक।** सनसिटी निवासी युवक ने अपना क्रेडिट कार्ड बंद करवाने के लिए टोल फ्रि नंबर पर कॉल किया तो एक अन्य ने भी बंद करने के लिए फोन किया और लिंक पर क्लिक करवाकर 33 हजार 951 रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सत्य कुमार ने बताया कि 16 मई को बैंक का क्रेडिट कार्ड बंद करवाने के लिए बैंक के टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया था। इसी दौरान बेटे नवीन के मोबाइल नंबर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 73557-41474 से कॉल किया और स्वयं को बैंक का कर्मचारी बताया। उस व्यक्ति ने कहा कि वह मेरा क्रेडिट कार्ड बंद कर देगा और एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करने को कहा। मैं उसकी बातों में आ गया और जैसे ही मैंने उस लिंक पर क्लिक किया, तुरंत मेरे कार्ड से 33,951.15 रुपये कट गए। इसके तुरंत बाद 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाई।

# शराब की तस्करी का आरोपी गिरफ्तार 6240 बोतल, 18 हजार 240 पव्वे बरामद

**रोहतक।** प्रभारी सीआईए-2 सतीश कुमार ने बताया कि 22 फरवरी को पुलिस की टीम ने छापेमारी करते हुए ट्रक में अवैध रूप से भरी हुई भारी मात्रा मे शराब को जब्त किया था। पुलिस टीम द्वारा छापेमारी करते हुए पानु ढाबे पर खडे ट्रक से अवैध शराब को बरामद किया गया था। तलाशी लेने पर ट्रक मे खल बिनौला (पशुओ के चारा) में अवैध शराब छिपा रखी थी। ट्रक से 900 पेटी शराब मिली जो 6240 बोतल व 18240 पव्वा अवैध शराब बरामद हुई थी। मामले की गहनता से जांच की गई। आरोपियो के खिलाफ थाना बहुअकबरपुर मे मुकदमा दर्ज किया गया। मौके से ट्रक ड्राइवर को काबू किया गया। 21 मई को सहायक जसबीर के नेतृत्व में शराब की तस्करी करने वाले आरोपी राहुल निवासी राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।

एडवाइस / डॉ. मोनिका शर्मा



# समर वेकेशंस को ऐसे बनाओ एंज्वॉयफुल

समर वेकेशन, मतलब स्कूल जाने या होम वर्क करने या फिर ट्यूशन जाने की कोई टेंशन नहीं, ढेर सारी मस्ती के दिन। लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं, समर वेकेशंस यानी गर्मी की पूरी छुट्टियां इस तरह बिता दी जाएं कि जिसकी कोई उपयोगिता ही ना हो, बस समय की बर्बादी हो। तो बच्चो, समर वेकेशंस में खेल-कूद, मौज-मस्ती के साथ-साथ कुछ ऐसा भी करो कि समय का सही उपयोग हो, तुममें कोई एक्स्ट्रा स्किल डेवलप हो।

बच्चो, गर्मी की छुट्टियों में तुम्हें जबरदस्त धमा-चौकड़ी, घूमने और दादी-नानी के घर जाने का मौका मिलता है। फ्री रुटीन वाले इस टाइम में तुम कुछ अच्छा कर सकते हो, लेकिन इस समय थोड़ा अवेयर रहना भी जरूरी है। अब देखो, मम्मी-पापा तो हर मौसम में तुम्हारी केयर करते हैं। तपती धूप के इस मौसम में तुम्हारी थोड़ी-सी अवेयरनेस उनकी चिंता कम कर सकती है। खासकर अपनी हेल्थ को संभालने के लिए छोटी-छोटी बातों का तो तुम खुद भी खयाल रख ही सकते हो। थोड़ा केयरफुल रहने से तुम्हारा समर टाइम सचमुच फन टाइम बन जाएगा। इन हैप्पी हॉलिडेज में तुम कुछ अलग, कुछ नया ट्राई कर सकते हो।

**खेल-कूद का बनाओ सही रूटीन:** गर्मी के मौसम में हीट वेव्स बहुत से हेल्थ इश्यूज का कारण बनती हैं। हीट वेव्स के कारण डिहाइड्रेशन, थकावट और हीट स्ट्रोक जैसी सीरियस स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए समर वेकेशन के फ्री टाइम में भी खेलने-कूदने का सही शेड्यूल, सही रुटीन बनाना जरूरी है। इस मौसम में आउटडोर गेम्स के लिए सुबह या शाम का समय सबसे सही होता है, क्योंकि इस समय धूप कम रहती है। दिन के समय तुम दोस्तों को अपने घर बुलाकर या किसी दोस्त के घर जाकर अपनी पसंद के इनडोर गेम्स खेल सकते हो।



**गैजेट्स फ्री हो समर टाइम:** बच्चो, हमारे देश में कई ट्रेडिशनल और मजेदार इनडोर, आउटडोर गेम्स खेले जाते हैं। यकीन मानो, इन गेम्स को खेलकर तुम्हें खूब मजा आएगा। ये गेम्स मोबाइल या कंप्यूटर पर खेले जाने वाले वीडियो गेम्स से कहीं अधिक एंज्वॉयफुल हैं। हमारे पारंपरिक खेलों में कई सारे इनडोर और आउटडोर गेम्स शामिल हैं। कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू (हॉपस्कॉच), रस्सी कूद, रुमाल झपट, लट्टू और गिल्ली डंडा जैसे कई खेल खूब मजेदार हैं। ये गेम्स स्क्रीन गेम्स की तरह आंखों को नुकसान पहुंचाने या पोस्चर बिगाड़ने वाले नहीं हैं। हमारे ट्रेडिशनल गेम्स तुमको फिजिकली-मेंटली एक्टिव और हेल्दी बनाएंगे, टीमवर्क सिखाएंगे। तो इस बार समर वेकेशंस में अपने दादा-दादी, नाना-नानी और मम्मी-पापा से इन गेम्स के बारे में पूछो। ऐसे खेल उन्होंने अपने बचपन में जरूर खेले होंगे। इन ट्रेडिशनल गेम्स को जानो-समझो और खेलो।



### सीखो ऐसी चीजें जो बढ़ाए तुम्हारी प्रतिभा

बच्चो, समर वेकेशंस में तुम अपनी रुचि के अनुसार ऐसे कोर्स कर सकते हो जो तुम्हारी प्रतिभा को निखारे और स्किल को बढ़ाए। तुम म्यूजिक, सिंगिंग, पेंटिंग या डांसिंग की वर्कशॉप अटेंड कर सकते हो, जो तुम्हारी प्रतिभा को बढ़ाएगी। कोई शॉर्ट टर्म कोर्स भी कर सकते हो, जो तुम्हारे स्किल को बढ़ाए जैसे कोडिंग या इसी तरह का दूसरा कोई कोर्स।

**हाइजीन और हेल्थ का रखो ध्यान:** बच्चो, बाहर खेलने के बाद घर लौटने पर भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बाहर से घर आने पर तुम्हें तुरंत एसी, फैन या कूलर चलाने या गटागट ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। खेलने-कूदने के बाद हाइजीन यानी स्वच्छता पर ध्यान जरूर देना। खेलते हुए धूल-मिट्टी भी शरीर से चिपक जाते हैं। इनसे इंफेक्शन हो सकता है। इसीलिए अच्छे से नहाकर अपनी बॉडी की साफ-सफाई का ख्याल रखना चाहिए। हां, बाहर से आकर तुरंत नहाने के बजाय पहले कुछ देर आराम से बैठकर पसीना सुखाना, फिर नहाना। ऐसा न करने से तुम्हें जुकाम या बुखार हो सकता है।

**ट्राई करो ट्रेडिशनल फूड्स:** गर्मी के मौसम में खाने-पीने में भी बदलाव जरूरी है। हमारे देश के हर हिस्से में अलग तरह का खान-पान होता है, वह भी मौसम के हिसाब से। साइंटिफिक रिसर्च भी मौसम के अनुसार बनाए गए हमारे ट्रेडिशनल फूड्स को सही बताते हैं। समर टाइम में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लू लगने, डाइजेशन बिगड़ने जैसी परेशानियां बहुत होती हैं। इससे बचने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। समर सीजन में बाहर खाना-पीना अवॉयड करना चाहिए। इन दिनों घर का ट्रेडिशनल खाना शरीर को ठंडक देने का काम करता है। सत्तू, सीजनल फ्रूट्स, छाछ, शिकंजी, शर्बत, नारियल पानी और गन्ने का जूस जैसी चीजें टेस्टी ही नहीं हेल्दी



भी हैं। टमाटर, लौकी, ककड़ी, संतरे, तरबूज और खरबूजे जैसे मौसमी फल-सब्जियां खाकर भी तरोताजा महसूस होता है। दादी-नानी के घर जाने पर वहां बनने वाले खास तरह के फूड आइटम्स को जरूर ट्राई करो। इसीलिए समर टाइम में ठंडक का एहसास करवाने वाली परंपरागत चीजों को मन से खाओ।

बच्चो, इस तरह समझदारी भरा रूटीन फॉलो करके, कुछ बातों का ध्यान रखकर तुम अपनी समर वेकेशंस को और भी एंज्वॉयफुल बना सकते हो। *

# अनोखा पक्षी पेलिकन



बच्चो, पक्षियों का अपना एक अलग-अनोखा संसार है। कई पक्षियों में कुछ ऐसी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो तुम्हें आश्चर्य में डाल देंगी। आज हम तुम्हें एक ऐसे ही अनोखे पक्षी 'पेलिकन' के बारे में बता रहे हैं।

पक्षी जगत

शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया के कुछ सबसे बड़े पक्षियों में शामिल पेलिकन एक अनूठा पक्षी है। यह एक जलीय पक्षी है। पेलिकन अंटार्कटिका जैसे दुर्गम क्षेत्र को छोड़कर प्रायः पूरी दुनिया में ताजे पानी या नमकीन पानी की झीलों और अन्य जलीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।



**पाउच वाली अनूठी चोंच:** पेलिकन की चोंच में लंबा-चौड़ा थैलीनुमा एक पाउच होता है। यह बेहद लचीला होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर यह सिकोड़ या फैला सकता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपनी चोंच में ग्यारह लीटर तक पानी या फिर दस किलो तक भोजन सामग्री मजे से रख सकता है। इतनी सामग्री तो इसके पेट में भी नहीं समाती।

**ऐसे करता है मछलियों का शिकार:** पेलिकन, मछलियों का शिकार करते वक्त उन्हें पानी सहित अपनी चोंच में दबोच लेता है, फिर मुंह नीचे की तरफ झुकाकर पानी छानकर गिरा देता है और मछलियों को निगल लेता है। चोंच के सिरे पर मौजूद हुक जैसी संरचना में यह कई बार मछलियों को अटका लेता है और फिर सिर ऊंचा करके गले में गटक लेता है। पेलिकन एक दिन में लगभग एक किलो तक मछली खा सकता है।

**तैरने और उड़ने में माहिर:** पेलिकन के पंजों में जाल बना होता है, जिससे इसे तैरने में आसानी होती है। इसकी हड्डियों के भीतर और डैनों के नीचे हवा के बुलबुले भरे होते हैं, जिससे यह पानी की सतह के ऊपर आसानी से बैठ या तैर सकता है। उड़ने से पहले इसे गति लेनी पड़ती है। जैसे विमान रनवे पर दौड़कर धीरे-धीरे जमीन से हवा में उठता है, ठीक उसी तरह यह भी पानी की सतह पर अपने विशाल डैनों को पीटते हुए दोनों पैरों से पानी को पतवार की तरह काटता है और फिर धीरे-धीरे हवा में ऊपर उठता है। यह दस हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। *

### पेलिकन की प्रजातियां

**पेलिकन की** कुल आठ प्रजातियां पाई जाती हैं। आमतौर पर पेलिकन के पंख सफेद होते हैं, जिन पर काले धब्बे होते हैं। कुछ प्रजातियों के पंख गुलाबीपन लिए हुए होते हैं। डालमेटियन प्रजाति के पेलिकन आकार में सबसे बड़े होते हैं। डैने फैलाने पर डालमेटियन पेलिकन का आकार साढ़े तीन मीटर तक हो जाता है। इसका वजन लगभग तेरह किलो तक हो सकता है। सबसे छोटे आकार के पेलिकन ब्राउन पेलिकन होते हैं। इसके डैने लगभग दो मीटर तक फैलते हैं और वजन लगभग तीन किलो तक होता है। इनके पंख चॉकलेटी ब्राउन होते हैं। भारत में मूल रूप से सफेद या रोजी ग्रे और डालमेटियन पेलिकन पाए जाते हैं।





कविता / वसीम अहमद

## चूहा-चुहिया गरमी में



बोली आइसक्रीम दिला दो
चाय पियूं न गरमी में,
बड़े शहर से आई चुहिया
बैठी है हठधर्मी में।
चूहा बोला गरमी है तो
ठंडी करके पी जाओ,
मुझ पर हुक्म चलाना छोड़ो
पगी हो क्या बेशर्मी में।
चुहिया बोली कैसे पी लूं
सर्दी की सौगात है ये,
गले से मेरे न उतरेगी
चाय-वाय इस गरमी में।
रात हो गई अब जिद छोड़ो
आइसक्रीम कल ला दूंगा,
मान भी जाओ अच्छा होगा
अभी कह रहा नरमी में।
चुहिया बोली धमकाओ मत
मुझे भी आता है लड़ना,
ठंडा रखो माथा अपना
लड़ो न इतनी गरमी में।

### बूझो तो जानें



1 गढ़े इन्हें हाथों से कुम्हार,
मिट्टी को देता आकार।
बॉल सरीखा गोलम-गोल,
पी लो पानी ढक्कन खोल।

2 खड़ा किचन में है यह कौन,
भीतर ठंडक बाहर मौन।
फल-सब्जियां ताजा रखे,
मुख के भीतर बर्फ के चक्के।

3 कमरे में ठंडा अहसास,
गर्मी फटकेगी ना पास।
फर-फर ना घुर-घुर आवाज,
पंखे जी बैठे नाराज।

-रोचिका अरुण शर्मा

उत्तर : 1.मटका, 2.फ्रिज, 3.एयर कंडीशनर

### जीके क्विज-155

1. हाल ही में कनाडा की विदेश मंत्री बनने वाली भारतीय मूल की महिला का क्या नाम है?
2. हाल ही में वर्ष 2025 के लिए किस भारतीय लेखिका को लिटरेचर का इंटरनेशनल बुकर प्राइज देने की घोषणा की गई?
3. दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या था?
4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान गवर्नर कौन हैं?
5. यक्षगान भारत के किस राज्य का प्रमुख लोकनृत्य है?
6. विश्वप्रसिद्ध पीसा की मीनार किस देश में स्थित है?
7. चंदबरदाई किस शासक के दरबारी कवि थे?
8. कौन-सा जीवाणु दूध से दही जमाने में सहायक होता है?
9. आम का वैज्ञानिक नाम (साइंटिफिक नेम) क्या है?
10. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-154 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.हैदराबाद, 3.वी. नारायणन, 4.रेडक्लिफ, 5.कैनबरा, 6.राष्ट्रपति, 7.कैस्पियन सागर झील, 8.चंद्रगुप्त मौर्य, 9.थाइलैंड, 10.अमेरिका और कनाडा


**जीके क्विज-154 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रितेश-बलौदा बाजार, नीटू-सीतापुर, रमेश-कोरबा, रक्षिता-रायपुर, अमन-बिलासपुर, कुणाल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, कविश-दुर्ग, राकेश-रायगढ़, पिंकी-भोपाल

कहानी

डॉ. अमिता दुबे

दादी मां की अचानक तबियत खराब हुई तो क्षितिज को गर्मी की छुट्टियों में गांव आना पड़ा। मन ही मन वह गांव आने पर नाखुश था, लेकिन कुछ दिन में उसने वहां जो देखा और महसूस किया, क्षितिज का मन वापस शहर जाने का नहीं हो रहा था...

# अनोखी छुट्टियां



गर्मी की छुट्टियां हो गई थीं। क्षितिज को न पढ़ाई की चिंता थी न ही स्कूल जाने का झंझट। इन दिनों कंप्यूटर गेम, टीवी पर कार्टून फिल्में देखना और शाम को दोस्तों के साथ पार्क में खेलना, इस दिनचर्या में उसे खूब मजा आ रहा था। एक दिन क्षितिज शाम को खेलकर लौटा तो देखा मम्मी उदास बैठी थीं। उन्होंने बताया गांव से रामदीन काका का फोन आया था। दादी अम्मा बीमार हैं। तुरंत गांव बुलाया है। मम्मी ने पापा को फोन कर बता दिया है, वे जल्दी ही आने वाले हैं। तय हो चुका है, रात की ट्रेन से गांव के लिए निकल जाएंगे। मम्मी ने क्षितिज से भी अपना सामान लगाने को कहा। एक बार क्षितिज के मन में आया कि वह मम्मी से कह दे, उसे बोर होने गांव नहीं जाना है, घर पर अकेले रह लेगा, लेकिन मम्मी का मूड देखकर उसकी कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई।

क्षितिज जब ट्रेन में बैठा तो रह-रहकर उसका ध्यान अपने दोस्तों की ओर चला जा रहा था। वे तो गर्मी की छुट्टियों का मजा लेंगे और वह गांव में बोर होगा। क्षितिज को मन ही मन दादी अम्मा पर गुस्सा आया- इतनी बार पापा ने कहा पर अम्मा शहर आने को तैयार ही नहीं होतीं। न जाने गांव में क्या रखा है? अगर अम्मा यहां होतीं तो उसकी इस तरह छुट्टियां बर्बाद नहीं होती। और न जाने क्या-क्या सोचते उसकी आंख लग गई, जब आंख खुली तो पाया स्टेशन आ चुका था, मम्मी उसे जगा रही थीं। रामदीन काका, हां शायद रामदीन काका ही उन तीनों को लेने स्टेशन आए थे। वैसे तो उसने पहले कभी रामदीन काका को देखा नहीं था। हर वर्ष छुट्टियों में जब मम्मी-पापा गांव जाते हैं, वह नानी के पास ही मथुरा में रुक जाता है। चूंकि पापा का ट्रांसफर आगरा हो गया था, इसलिए तुरंत वह नानी के पास नहीं जा सका।

पापा ने रामदीन काका के पैर छुए तो मम्मी के कहने पर उसको भी पैर छूने पड़े। काका सबको लेकर स्टेशन से बाहर आए। वहां एक टैंपो खड़ा था। ऐसा विचित्र सा टैंपो क्षितिज ने पहले नहीं देखा था। वे चारों उसमें बैठ गए। कुछ देर बाद टैंपो गांव पहुंच गया। टैंपो से उतर कर कुछ दूर पैदल चलकर क्षितिज जिस घर में पहुंचा, उसे देखकर क्षितिज आश्चर्यचकित रह गया। इस घर में उसकी अम्मा रहती हैं, इतने बड़े घर में! सभी सीधे अम्मा के पास पहुंचे, जहां वह लेटी थीं। क्षितिज को लगा, अम्मा रो रही हैं। पापा उनके सिरहाने जाकर बैठकर उनका सिर सहलाने लगे। मम्मी उनके पैर दबाने लगीं। तब तक न जाने कहां से कई औरतें आ गईं, जिन्हें मम्मी-पापा, चाची, भाभी, बुआ संबोधित कह रहे थे। वह भौंचक्का-सा कभी अम्मा को, कभी मम्मी-पापा को और कभी आने वालों को देख रहा था। तभी उम्र में उससे काफी बड़ी दीदी जैसी दिखने वाली एक लड़की ने उसे अपने पास बुलाया। उसका नाम पूछा और लस्सी का गिलास उसे पकड़ा दिया। फिर दो लड्डू क्षितिज को देते हुए बोलीं, 'खाओ बबुआ।' क्षितिज ने मम्मी की ओर देखा। मम्मी बोलीं, 'खा लो ये तुम्हारी रमा बुआ हैं।'

क्षितिज गिलास और लड्डू लेकर बाहर आ गया। एक लड़का मुस्कुराता हुआ उसके पास आया और बोला, 'अच्छा किया क्षितिज, तुम आ गए। पिछली बार चाची से हमने कहा था, अबकी बार आएं तो तुम्हें भी साथ लेती आएं। जब तुम छोटे थे, तब एक बार तुम यहां आए थे।' क्षितिज को कुछ याद नहीं था, लेकिन आभास के साथ बात कर उसे अच्छा लगा।

क्षितिज ने धीमी आवाज में पूछा, 'क्यों आभास भइया! ये सभी लोग हमारे घर में ही रहते हैं?' आभास ने बताया, 'अरे नहीं, ये लोग पड़ोस के घरों में रहते हैं, तुम लोगों को आया हुआ देखकर आ गए।' क्षितिज को अपने शहर की कॉलोनी याद आई, जहां किसी के आने-जाने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। न कोई किसी से इतने प्यार से बोलता है। वहां कोई कभी-कभार ही घर पर आता है। दादी के घर जैसा माहौल उसने कभी नहीं देखा। थोड़ी देर बाद बहुत सारे आदमी आंगन में आ गए। आभास ने ही बताया, 'ये पापा के दोस्त हैं।'

'पापा के इतने सारे दोस्त!' क्षितिज को आश्चर्य हुआ। जहां तक उसे पता है, वहां शहर में उसके घर में पापा का कोई दोस्त कभी नहीं आता।

आभास ने बताया, 'ये सभी लोग हर वर्ष तुम्हारे पापा के आने पर आते हैं। इनमें से कुछ लोग तुम्हारे पापा के साथ पढ़े हैं। सभी इंतजार करते हैं, तुम्हारे पापा के आने का। ये लोग अकसर तुम्हारी दादी अम्मा से मिलने आते हैं। अगर दादी को किसी चीज की जरूरत होती है तो पूरी करते हैं।'


आभास ने अगले दो दिनों में अपने सभी दोस्तों से क्षितिज का परिचय करवा दिया था। उनसे मिलकर क्षितिज को बिल्कुल भी नहीं लगा कि वह पहली बार उनसे मिला है। उनकी बातों से उसे लगा कि वे सभी उसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। नहीं जानता है तो वह ही इस वातावरण की सुंदरता और यहां रहने वाले लोगों की आपसी प्रेम-भावना को। क्षितिज रोज गांव में बच्चों के साथ खेलता। पेड़ों की छांव में बैठकर बातें करता। बच्चे पके मीठे आम तोड़कर खाते और गांव की ठंडी, शुद्ध हवा का आनंद लेते।

समय पंख लगाकर उड़ गया। अम्मा तो उन सबके आने के एक सप्ताह बाद ही ठीक हो गई थीं। पापा वापस चले गए थे। क्षितिज और मम्मी गांव में ही रुक गए थे। अब उन्हें भी जाना था। पापा लेने आने वाले थे। क्षितिज का मन यहां से जाने का नहीं हो रहा था। जाने वाले दिन की पूर्व संध्या पर वह आभास के साथ सभी दोस्तों से मिलने तालाब किनारे गया था, जहां सभी इकट्ठा थे। सब लड़के उसके लिए कोई न कोई उपहार लाए थे। सभी उससे वायदा लेना चाहते थे कि हर वर्ष वह गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां आया करेगा।

क्षितिज ने अचानक भावुक होकर बोला, 'मित्रो! ये अनोखी छुट्टियां मुझे जीवन भर याद रहेंगी। आप सबने मुझ अनजान को जो प्यार, आदर दिया, वह मैं कभी भूल नहीं सकता। मैं वायदा करता हूं कि छुट्टियों में तो आऊंगा ही! हर बड़ा त्योहार भी यहां आप सबके बीच मनाने आऊंगा। अम्मा के बिना हम सब वहां उदास रहते हैं और हमारे बिना अम्मा यहां। अब त्योहार पर कोई उदास नहीं होगा। न अम्मा न हम।', 'और न हम सब...!' बच्चों का समवेत स्वर गूंजा। *

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां झूला झूलती एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट ये छह अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर : [illegible]

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दस रोचक कहानियां

बच्चो, कुछ समय पहले ही दस रोचक कहानियों की किताब 'बांसुरी बजाने वाला खरगोश' छपकर आई है। इसे लिखा है प्रख्यात लेखिका क्षमा शर्मा ने। इनमें से कुछ कहानियों में उड़ने वाली जादुई कार, उड़ने वाली किताब और उड़ने वाले मोबाइल के ऐसे कारनामे हैं कि इन्हें पढ़ते हुए तुम्हारा मन रोमांच से भर उठेगा। कुछ कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। ऐसी ही एक कहानी है 'जंगल की रानी', जिसमें एक बकरी कुछ ऐसा कारनामा करती है कि जंगल का राजा शेर उसे जंगल की रानी बनाने की सोचने लगता है। इसी तरह ताकतवर शिब्बू पहलवान, कैसे बच्चों की मदद करता है, इसे तुम 'बच्चों का दोस्त' कहानी में पढ़ सकते हो। 'पेड़ पर झंडियां' एक बहादुर बच्चे नंदू की कहानी है, जो रेलगाड़ी का एक्सीडेंट होने से बचा लेता है तो 'इंजन चले साथ-साथ' में तुम पढ़ोगे कि रजनी, सोमेश और उनके दोस्त किस तरह एक पुराने रेलवे इंजन को साफ-सुथरा कर ऐसे सजा देते हैं कि सब चकित रह जाते हैं। एक बच्चे और तितली की मस्ती करने की कहानी 'तितली की खुशी' पढ़कर भी तुमको खूब मजा आएगा। बांसुरी बजाने वाले मुटकू खरगोश की कहानी भी तुम्हें बहुत पसंद आएगी। *




***किताब:** बांसुरी बजाने वाला खरगोश, **लेखिका:** क्षमा शर्मा, **मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली*

## खबर संक्षेप

### आजीवन सदस्य अपना डाटा अपडेट करें

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एलुमनी एसोसिएशन को राज्य सरकार के नियमों के अनुसार एलुमनी रिलेशन्स विभाग के माध्यम से हरियाणा सोसायटी अधिनियम के तहत आधिकारिक रूप से रजिस्टर्ड किया गया है। नई रजिस्टर्ड एलुमनी एसोसिएशन से जुड़ने के लिए सभी पंजीकृत एलुमनी (आजीवन सदस्य) अपना डाटा गूगल फार्म पर अपडेट करें। निदेशक एलुमनी रिलेशन्स प्रो. सुमित गिल ने बताया कि इस अपडेट के हिस्से के रूप में, सभी पूर्व आजीवन सदस्यों को वर्तमान मानदंडों के अनुसार पंजीकृत होना आवश्यक है और नई पंजीकृत एसोसिएशन में एक नई आजीवन सदस्यता आवंटित होगी। प्रो. सुमित गिल ने एमडीयू एलुमनी एसोसिएशन के सभी पंजीकृत सदस्यों से अपना डाटा गूगल फार्म लिंक- https://forms.gle/wjXj22D55J5prr699 पर अपडेट करने और आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने का अनुरोध किया है।

### तबीयत बिगड़ने से प्रवासी की मौत

**बहादुरगढ़।** प्रवासी मूल के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किसी बीमारी से मौत होने की आशंका है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी। परिजनों के बयान के बाद पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी। मृतक की पहचान धर्मेंद्र के रूप में हुई है। यूपी के हरदोई मूल का धर्मेंद्र यहां टीकरी बॉर्डर पर रहता था। एमआईई स्थित एक कंपनी में रहता था। वीरवार की सुबह उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौजूद उसके परिचितों की मानें तो कुछ दिन से धर्मेंद्र बीमार चल रहा था। तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे अस्पताल में लाए तो उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### जिमखाना क्लब में चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 में स्थित जिमखाना क्लब में चोरी की वारदात हो गई। शीशे का दरवाजा तोड़कर चोर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दे गए। पुलिस को दी शिकायत में यहां काम करने वाले गुरमीत सिंह ने कहा कि जब सुबह करीब साढ़े 9 बजे वह क्लब में आया तो शीशे का गेट टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दो एलईडी नहीं मिली। इनमें से एक खराब थी। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उधर, सूचना पाकर सेक्टर 9 चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने गुरमीत की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। एसएचओ पवनवीर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि देवीलाल पार्क में एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। इस सूचना पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया।

# वायु प्रदूषण मानवता के लिए खतरा, युवाओं को निभानी होगी जिम्मेदारी : डॉ. एचएल वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में वायु प्रदूषण एवं स्वास्थ्य संबंधी खतरे तथा पर्यावरण समाधान के लिए युवा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वायु प्रदूषण से उत्पन्न हो रहे स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालना तथा युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एचएल वर्मा ने कहा कि आज के समय में वायु प्रदूषण केवल महानगरों की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव सभ्यता की चुनौती बन चुका है। ऐसे में विश्वविद्यालयों की यह नैतिक ज़िम्मेदारी है कि वे अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय चेतना का भी विकास करें। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय इस दिशा में सदैव अग्रणी रहा है और हमें गर्व है कि हमारे छात्र इन गंभीर विषयों के प्रति सजग और संकल्पित हैं। डॉ. वर्मा ने कहा कि युवा शक्ति में ही भविष्य की नींव है और जब युवा पर्यावरण के प्रति जागरूक होंगे तभी हम सतत विकास की ओर बढ़ सकेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पर्यावरण प्रहरी की संज्ञा दी। द्वितीय सत्र में वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य विशेष रूप से युवाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. सुमित ने कहा कि भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए यह अनिवार्य है कि वे पर्यावरणीय कारणों को भी गंभीरता से समझें, क्योंकि एक चिकित्सक का कार्य केवल रोग का उपचार नहीं बल्कि समाज की संपूर्ण भलाई से जुड़ा है। इस कार्यशाला में बीएएमएस, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, फार्मेसी, मैनेजमेंट एंड कॉमर्स, इंजीनियरिंग, साइंस एंड ह्यूमेनिटीज़ के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार, डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. नवीन कपिल, डीन छात्र कल्याण विभाग डॉ. सुधीर मलिक, प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. अभिषेक, संकाय सदस्य डॉ. वीरेंद्र, डॉ. शीतल नांदल, डॉ. सुनीता, डॉ. मोनिका, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. राज रानी, डॉ. अनीता यादव, डॉ. सवीन, डॉ. अमित अत्री, डॉ. जतिन पाराशर, डॉ. राहुल आदि उपस्थित रहे।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### पर्यावरणीय चेतना आज की सबसे बड़ी जरूरत

*प्रथम सत्र में पर्यावरण समाधान के लिए युवा में मुख्य वक्ता डॉ. राजीव खुराना (अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन सलाहकार, लेखक एवं लॉन्ग केयर फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी) ने बताया कि वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं बल्कि गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। पर्यावरणीय चेतना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।*

## विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बारे में दी जानकारी

# 12वीं के बाद बीएससी गणित के 4 वर्षीय पाठ्यक्रम में बनाएं सुनहरा करियरः सुमित

**शिक्षण, अनुसंधान, बैंकिंग, डेटा एनालिटिक्स, बीमा, सिविल सेवा, सांख्यिकी सेवा और आईटी सेक्टर में भी बेहतरीन अवसर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

12वीं पास गणित में गहरी रुचि रखने वाले छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर उपलब्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में संचालित चार वर्षीय बीएससी (गणित) पाठ्यक्रम में विद्यार्थी प्रवेश लेकर एक मजबूत और व्यावसायिक कॅरियर की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। यह पाठ्यक्रम न केवल शैक्षणिक दृष्टि से समृद्ध है बल्कि छात्रों को शोध, नवाचार और उद्योग के लिए भी तैयार करता है। गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुमित गिल ने बताया कि बीएससी गणित चार वर्षीय पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ अनुसंधान, प्रैक्टिकल एप्लीकेशन और उद्योग-आधारित कौशल प्राप्त करने का भी अवसर देता है। इस नूतन एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रम में छात्र न केवल पारंपरिक विषय जैसे अंकगणित, रेखागणित, कलन और सांख्यिकी का गहन अध्ययन करते हैं, बल्कि उन्हें डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, कंप्यूटेशनल मैथेमेटिक्स और प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग जैसे आधुनिक और व्यावसायिक विषयों से भी परिचित कराया जाता है।





रोहतक। गणित विभाग। *फोटो : हरिभूमि*

### ऑनलाइन आवेदन 2 जून तक करें



प्रो. सुमित गिल ने कहा कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को गणित की मजबूत नींव देता है, जिससे वे आने वाले समय में टेक्नोलॉजी और अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। इस पाठ्यक्रम में बीएससी गणित चार वर्षीय में 60 सीटें तथा बीएससी गणित चार वर्षीय एसएफएस में 60 सीटें उपलब्ध हैं। एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। इन सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 2 जून तक किया जा सकता है। पात्रता, नामांकन प्रक्रिया समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### करियर की संभावनाएं

चार वर्षीय बीएससी गणित पाठ्यक्रम के बाद छात्र उच्च शिक्षा के लिए एमएससी, एमटेक (मैथ्स/डाटा साइंस/एआई) या पीएचडी कर सकते हैं। इसके अलावा, वे शिक्षण, अनुसंधान, बैंकिंग, डेटा एनालिटिक्स, बीमा, सिविल सेवा, सांख्यिकी सेवा, और आईटी सेक्टर में भी बेहतरीन करियर बना सकते हैं।

### मुख्य विशेषताएं

- चौथे वर्ष में रिसर्च प्रोजेक्ट की सुविधा
- मल्टीपल एंट्री और एग्जिट विकल्प (एनईपी 2020 के अनुसार)
- उद्योग से जुड़े इंटर्नशिप और प्रशिक्षण
- रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम संरचना





रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज मलिक व सरपंच अनीशा। *फोटो : हरिभूमि*

# बीएमयू के विद्यार्थियों को बताया स्वच्छता का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस विंग द्वारा सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं ग्रामीण समुदाय में व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को समझाना और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता को व्यवहार में लाना रहा। शिविर की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस विंग कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजय कुमार ने की। डॉ. हर्षदीप छिकारा, डॉ. शिवानी तथा डॉ. दीपिका ने हाथ धोने की विधि, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, दंत स्वच्छता तथा दैनिक स्वच्छता के व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी सरिता ने स्वच्छता तथा शिक्षा के बीच गहरे संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ और स्वस्थ शरीर ही सच्चे अर्थों में विद्या को आत्मसात कर सकता है। उन्होंने स्वच्छता एवं शिक्षा के पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डाला। सरपंच अनीशा ने ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं पर जोर देते हुए कहा कि जब महिलाएं स्वस्थ होंगी तभी एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा।

# बालिकाओं की गरिमा का सम्मान करना सभी का कर्तव्य : सीजेएम

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कलानौर में आयोजित किया कानूनी जागरूकता साक्षरता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के कुशल मार्गदर्शन में सम्मानजनक व्यवहार और बालिकाओं की गरिमा के संरक्षण के लिए रिस्पेक्ट हर डिग्निटी के नाम से कलानौर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निशुल्क कानूनी जागरूकता व साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने बालिकाओं की गरिमा, सम्मान और सुरक्षा के बारे बताया में कि बालिकाओं की गरिमा का सम्मान करना केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहां हर छात्रा स्वयं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस करे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत बालिकाओं को समानता, भेदभाव से संरक्षण और जीवन की गरिमा का अधिकार प्राप्त है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निशुल्क कानूनी जागरूकता व साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रोहतक के डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसल राजबीर कश्यप, पैनल अधिवक्ता संदीप कुमार, प्रिंसिपल देवेंद्र कटारिया, डॉ. अलका मदान, एकता कत्याल, रानी देवी, मधुबाला, चंदा देवी, अनिल, ज्योति, प्रवीन, मीनू गुप्ता आदि रहे।





### कानून का सख्ती से करें पालन

डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि बाल विवाह, यौन शोषण और भ्रूण हत्या जैसे अपराध न केवल नैतिक रूप से घृणित है बल्कि दंडनीय भी है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिये कि बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के सभी अवसर मिले। समाज को बालिकाओं के प्रति मानसिकता बदलनी होगी और कानून का सख्ती से पालन करना होगा। एक सशक्त बालिका ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकती है। इस अवसर पर बालिकाओं को आत्मरक्षा के संबंध में व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा भाजपाइयों का हूजुम

- तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता निगम पार्षद कंचन खुराना ने की
- ऑपरेशन सिंदूर हमारे देश का एक प्रतीक, एक प्रतिज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

रोहतक। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वार्ड-14 में भारतीय सेवा की गौरव गाथा को जनमानस तक पहुंचाने और वीर सैनिकों के शौर्य को नमन करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता निगम पार्षद कंचन खुराना ने की। यात्रा की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को पुष्प अर्पित की गई। उस के बाद देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगा यात्रा सुभाष पार्क से चलकर माडल टाउन स्थित डबल पार्क में कैप्टन दीपक शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की गई।

यात्रा के दौरान निगम पार्षद कंचन खुराना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे देश का एक प्रतीक, एक प्रतिज्ञा है। यह केवल हमारे सशस्त्र बलों का मिशन नहीं है, बल्कि आंतकवादियों को एक स्पष्ट संदेश है कि जब भी वह हमारे देश की महिलाओं को निशाना बनाएंगे तो पूरा देश भारत सरकार और भारतीय सशस्त्र बल उनकी रक्षा के लिए वहां मौजूद रहेंगे। उन्होंने भारत की उन महिलाओं के प्रति प्रशंसा व्यक्त की जिनके प्रियजन सीमाओं पर सेवा कर रहे हैं। हमारा सिंदूर सुरक्षित है क्योंकि वह सीमा पर है। हम ऐसी महिलाओं और हमारे भारतीय सशस्त्र बलों के सामने नतमस्तक है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वार्ड-14 में भारतीय सेवा की गौरव गाथा को जनमानस तक पहुंचाने और वीर सैनिकों के शौर्य को नमन करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पूर्व विधायिका सरिता नारायण, पूर्व निगम पार्षद अशोक खुराना, पूर्व निगम पार्षद राधे श्याम ढ़ल,प्रदेश भूजल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नरेंद्र खट्टर,डां मंगल सेन मण्डल के महामंत्री मुकेश टक्कर सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### इस्माईला में सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

सांपला। इस्माईला गांव में गुरुवार को भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर के साहसिक अभियान को राष्ट्र सम्मान का प्रतीक बताया। जिला किसान महामंत्री भूपेंद्र खत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का संकल्प है। यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से शुरू हो कर शहीद स्थल तक निकाली गई। ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के प्रति एकजुटता और वीर सैनिकों के प्रति सम्मान का भाव प्रदर्शित किया। यात्रा में प्रधान विकास खत्री, कपिल खत्री, संतराम जांगड़ा ,सुनील कौशिक ,भूप सिंह खत्री, मास्टर ईश्वर खत्री ,मोहित खत्री ,विक्की खत्री पवन खत्री, पवन प्रजापत सहित कई लोग शामिल हुए।

## 2 घंटे के अंदर दिव्यांग ज्योत्सना को घर जाकर व्हीलचेयर प्रदान की

# अधिकारी शिकायतों का शीघ्र करें निपटारा : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें। कुमार वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह के साथ नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने शिकायतें सुनने के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की निरंतर मुख्यमंत्री कार्यालय व मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा वर्चुअली निगरानी की जा रही है तथा हर शुक्रवार को शिकायतों के निपटारे की समीक्षा भी की जा रही है।

समाधान शिविर में बखेता गांव की 24 वर्षीय दिव्यांग ज्योत्सना ने व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने की गुहार लगवाई थी। अतिरिक्त ने रेडक्रॉस सचिव को निर्देश दिए थे कि ज्योत्सना को व्हीलचेयर उपलब्ध करवाएं। ताकि वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से आ-जा सके। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आदेश प्राप्ति के मात्र 2 घंटे के अंदर आवेदक ज्योत्सना को घर जाकर व्हीलचेयर प्रदान की गई। जिला प्रशासन द्वारा मात्र कुछ घंटो में व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने पर ज्योत्सना ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण मुंजाल, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी तथा भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश व सतीश चौधरी मौजूद रहे।





रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार । *फोटो : हरिभूमि*

### शिकायत को टाइप करवाकर लाना जरूरी नहीं

एडीसी नरेंद्र कुमार ने कहा कि नागरिक अपनी शिकायत या समस्या को हाथ से साधारण कागज पर लिखकर लाए। समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा अपनी शिकायत को कंप्यूटर से टाइप करवाकर लाना जरूरी नहीं है। नागरिक केवल अपनी शिकायत को साधारण कागज पर लिखकर लाए। यदि कोई नागरिक लिखने में असमर्थ है तो समाधान शिविर में उनकी शिकायत लिखने के लिए एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में राजस्व विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, पशुपालन विभाग, सिंचाई विभाग, कॉमन सर्विस सेंटर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, क्रिड इत्यादि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके शीघ्र निपटारे के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए।



रोहतक। ऑबस्टेकल रेस में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

### पठानिया स्कूल में शजम लीग का हुआ आगाज

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूली के मल्टी पर्पज हाल में कक्षा नर्सरी से कक्षा एक के छात्रों के लिए शज़म लीग का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नर्सरी कक्षा के लिए ऑबस्टेकल रेस, कक्षा केजी के लिए ऑबस्टेकेल विद् फलफ बॉल बैलेंस, कक्षा एक के लिए किक एंड ट्रैप नामक दौड़ का आयोजन किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने उत्साह व कौशल से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी के नेतृत्व में मोनिका राजपूत द्वारा किया गया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास व टीम वर्क की भावना को बढ़ाती हैं और स्कूल समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं सभी बच्चों के लिए आयोजित करवाता है ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने सुनीता मोर ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।





मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**

### एफडीसी सेमिनार हॉल में 23 को ट्रेनिंग प्रोग्राम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज 23 मई को सेटलमेंट ऑफ ऑडिट पैरा, रिक्विजिशन, एडवांसेज विषय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि वित्तीय सलाहकार एनआर शर्मा बतौर की-नोट स्पीकर इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शिरकत करेंगे। यह ट्रेनिंग कार्यक्रम एफडीसी सेमिनार हॉल में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

### युवकों पर हमला करने में शामिल दो गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने जनता कॉलोनी निवासी युवकों पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में शामिल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियो को वीरवार अदालत में पेश किया गया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।प्रभारी थाना शिवाजी कॉलोनी राकेश सैनी ने बताया कि जनता कॉलोनी निवासी रोशन की शिकायत के आधार पर जांच में सामने आया कि रोशन व उसका दोस्त शुभम एक्टिवा पर सवार होकर सुनारिया चौक से झज्जर चुंगी की तरफ जा रहे थे। तबी सुजल व उसके दोस्त डंडो सहित आए और शुभम को जान से मारने की धमकी देते हुए शुभम पर डंडो से हमला कर दिया। रोशन ने शुभम का बचाव किया तो युवको ने रोशन के लकडी के डंडे से चोटे मारी। भीड इक्टठा होते देख युवक मौके से फरार हो गए। सहायक राकेश कुमार की जांच में आरोपी आर्यन उर्फ ऐडम निवासी गांव बलियाना हाल शीतल नगर रोहतक व सुरज निवासी एकता कॉलोनी रोहतक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपियो पर थाना शिवाजी कॉलोनी रोहतक में मामला दर्ज है।

# दक्षता आधारित मूल्यांकन परीक्षाएं आज से, कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- जिले के 211 प्राथमिक विद्यालयों में होगी परीक्षा

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत संचालित कक्षा तत्परता कार्यक्रम (क्लास रेडीनेस प्रोग्राम) के सफल संचालन के बाद 23 मई से 28 मई तक दक्षता आधारित मूल्यांकन का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों का आंकलन उनके अध्यापकों द्वारा किया जाएगा। यह मूल्यांकन हिंदी एवं गणित विषयों की उन अधिगम दक्षताओं पर आधारित होगा, जिन्हें कक्षा तत्परता कार्यक्रम के दौरान क्रियान्वित किया गया था। यह परीक्षा जिला रोहतक के सभी 211 प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित की जाएगी, जिसमें 18,000 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

## इस मूल्यांकन के यह उद्देश्य

इस मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक छात्र की दक्षता आधारित अधिगम स्थिति का स्पष्ट मूल्यांकन करना है, ताकि उनके सीखने के स्तर को समझा जा सके और आवश्यकता अनुसार शैक्षणिक सहयोग दिया जा सके। परीक्षा संपन्न होने के बाद, प्रत्येक विद्यालय को प्रत्येक विद्यार्थी की दक्षता-वार प्रगति का रिकॉर्ड तैयार करना होगा। यह विवरण एक गूगल फार्म के माध्यम से राज्य स्तर पर प्रेषित किया जाएगा। जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने कहा कि यह मूल्यांकन परीक्षा हमें यह जानने में मदद करेगी कि छात्रों में कौन-कौन सी अधिगम दक्षताओं की आवश्यकता है। इसके माध्यम से हम उनके अधिगम स्तर को सुदृढ़ कर पाएंगे तथा उन क्षेत्रों की पहचान कर सकेंगे जहां सुधार की जरूरत है।

## निपुण भारत मिशन की दिशा में एक सशक्त कदम है



**रोहतक।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, दिलजीत सिंह

जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने कहा कि यह परीक्षा जिला रोहतक के सभी प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित की जा रही है, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक के सभी विद्यार्थियों की अधिगम दक्षताओं का आंकलन किया जाएगा। राज्य स्तर से हिंदी और गणित के प्रश्नपत्र सभी विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए हैं। परीक्षा के बाद विद्यालय स्तर पर प्रत्येक छात्र की दक्षता-वार जानकारी को रिकॉर्ड कर, गूगल फार्म के माध्यम से राज्य को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल निपुण हरियाणा मिशन प्राप्ति की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिसका उद्देश्य है कि हर बच्चा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में पूर्ण रूप से दक्ष हो।

### पब्लिक हेल्थ ने चेकिंग के नाम पर गलियों में किए गड्ढे से लोग परेशान

# कन्हेली गांव में पानी का संकट गहराया ग्रामीणों में गुस्सा, प्रदर्शन की चेतावनी

ग्रामीण बोले-लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वार्ड नंबर 21 के अंतर्गत आने वाले गांव कन्हेली में पिछले कई दिनों से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। विभागीय अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ग्रामीण ने समाधान नहीं होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने बताया कि पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा चेकिंग के नाम पर गलियों में गड्ढे कर दिए गए, जिन्हें भरना तो दूर, याद तक नहीं किया गया।

इससे राहगीरों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को खासी परेशानी हो रही है। बच्चों के कई बार गिरने की घटनाएं सामने आई हैं और स्कूल बस भी गली में प्रवेश नहीं कर पा रही, जिससे माता-पिता को बच्चों को दूर छोड़ने जाना पड़ता है। करीब 100 घर इस समस्या से प्रभावित हैं। पानी की आपूर्ति बंद होने से लोगों को पीने के पानी तक के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों किताबो, अनिता, विजय, मोनू, राजरानी, निर्मला, देवेंद्र, राजसिंह, सुदेश, कमला, बाला, संतोष, राकेश, सुनील, धर्मपाल आदि ने एकत्र होकर आवाज़ उठाई है।



**रोहतक।** पब्लिक हेल्थ द्वारा चेकिंग के लिए गली में खोदे गए गड्ढे को दिखाते कॉलोनी वासी। *फोटो : हरिभूमि*

**यहां-यहां शिकायत की लेकिन नहीं हुआ समाधान**

ग्रामीणों ने डाकखाने वाली गली में गड्ढे और अवैध कनेक्शन की शिकायत कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, निगम कमिश्नर आनंद शर्मा, पार्षद बिजेंद्र बैरागी सहित जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण, कार्यकारी अभियंता, एसडीओ, जेई, सुपरवाइजर तक की है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे। सवाल यह है कि आखिर ग्रामवासियों की प्यास बुझाने की जिम्मेदारी कौन लेगा।

**इन कॉलोनियों में नहीं आ रहा पानी**

लाढ़ौत रोड, अशोक नगर, साईं दास कॉलोनी, वसंत विहार, शास्त्री नगर, पाडा मोहल्ला, सूर्य नगर, तेज कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी, बस स्टैंड, उत्तम विहार, आजादगढ़, राम गोपाल कॉलोनी, भरत कॉलोनी, बोहर, खेड़ी साध, बलियाना, श्रीराम नगर, सुनारिया रोड सहित शहर की कई दर्जन कॉलोनी में एक समय भी पीने के पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है।

### वनवासी कल्याण आश्रम विभाग की गतिविधियों और उनके उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी



**रोहतक।** जेपी इंटरनेशनल स्कूल में वनवासी कल्याण आश्रम विभाग की शाखा की ओर से जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता कपड़ा व्यापारी रमेश गोयल व वनवासी शाखा के अन्य सहयोगियों ने विद्यार्थियों को देश में रहे वनवासियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। इस प्रोग्राम का उद्देश्य वनवासी समुदाय के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता फैलाना रहा। इस दौरान वनवासी समुदाय के अधिकारों और उनके कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। साथ ही वनवासी कल्याण आश्रम विभाग की गतिविधियों और उनके उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। प्रोग्राम में वनवासी समुदाय के कल्याण के लिए जागरूकता और समर्थन की अपील की गई। संस्था अध्यक्ष राजीव मलिक ने सभी का धन्यवाद किया।

- वनवासी समुदाय के कल्याण के लिए जागरुकता और समर्थन की अपील

# मन की बात कार्यक्रम पर चर्चा

**रोहतक।** बीजेपी मंगल कमल कार्यालय में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बारे में जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें 25 मई को वैश्य कॉलेज आडीटोरियम में मन की बात सुनकर प्रचार करने बारे तैयारियों का खाका तैयार किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मंडल अध्यक्षों के जिन जिन बूथों पर मन की बात ज्यादा से ज्यादा सुनी जाएगी, उनको 5100, 2100 तथा 1100 का ईनाम भी दिया जायेगा। मन की बात के प्रदेश सहसंयोजक नरेंद्र भारती ने कहा कि मन की बात सुनने वाले कार्यक्रम में हरियाणा 9वें स्थान पर है, बीजेपी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पहले स्थान पर लाने का भरपूर संघर्ष करें। 25 मई को होने वाले मन की बात कार्यक्रम के प्रमुख पूर्व मेयर एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनमोहन गोयल ने कहा कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे होगी। शुरुआत होने बाद किसी को भी अंदर नहीं आने दिया जाएगा। मन की बात के जिला संयोजक राजू सहगल ने कहा कि सभी साथी ऐसे बुद्धिजीवी वर्ग को वैश्य कॉलेज आडीटोरियम में लेकर आएं जो दूर दराज ग्रामीण आंचल में जाकर प्रधानमंत्री के मन की बात का सार्थक प्रचार कर सकें।

- बीजेपी मंगल कमल कार्यालय में बैठक आयोजित



**रोहतक।** मीटिंग में मौजूद जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका,पूर्व मेयर मनमोहन गोयल,जिला संयोजक राजू सहगल व कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

**यह रहे मौजूद:** बीजेपी जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया ने मंच संचालन किया। बैठक में आशा शर्मा, प्रतिभा सुमन, वेदपाल हुड्डा, मन की बात के लोकसभा संयोजक अजय खुंडिया, जिला कोषाध्यक्ष अमित बंसल, कला संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शीशपाल चौहान आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों को नेतृत्व क्षमता, आपदा प्रबंधन और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी

- शिमला में 15 से 21 मई तक लगे प्रशिक्षण में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाखन माजरा के प्राचार्य जीतेन्द्र मलिक के नेतृत्व में 21 अध्यापकों का दल बेसिक स्काउट एवं एडवांस कोर्स के प्रशिक्षण के लिए 15 मई से 21 मई तक तारा देवी, शिमला में सम्मिलित हुआ।

यह प्रशिक्षण शिविर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों को नेतृत्व क्षमता, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्वों की गहन जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। शिविर से लौटने पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त बलराज आर्य द्वारा सभी शिक्षकों का स्वागत किया गया। उन्होंने शिक्षकों के इस समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी को और भी प्रोत्साहित किया जाएगा। यह पहल न केवल शिक्षकों के व्यक्तिगत विकास में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि विद्यालयों में स्काउटिंग गतिविधियों को नई दिशा भी प्रदान करेगी।



# गणित की डिजिटल कार्यशाला संपन्न



**रोहतक।** जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक के मार्गदर्शन में खंड स्तर पर 20 से 22 मई तक गणित विषय को ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से किस प्रकार रुचिकर बनाया जाए विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 290 अध्यापकों तथा प्राध्यापकों ने भाग लिया।

जिले के पांचों खंडों में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला गणित विशेषज्ञ दीपक अरोड़ा व गणित अध्यापक अनिल कौशिक (मॉडल स्कूल सांघी) ने मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाई। डिजिटल सॉफ्टवेयर व अनिल कौशिक द्वारा तैयार वर्चुअल मैथेमेटिक्स लैब के प्रत्येक भाग के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। एक ही प्लेटफार्म पर विद्यार्थी और अध्यापकों के लिए गणित विषय से सबंधित मटेरियल उपलब्ध करवाने के लिए वर्चुअल मैथेमेटिक्स लैब को काफी सराहा गया।

गणित विशेषज्ञ दीपक अरोड़ा ने कहा कि गणित विषय से संबंधित कोई भी समस्या हो तो जिला स्तर पर उसको हल करने का प्रयास किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में गणित ज्ञान क्लब, हरबंस पजल कॉर्नर, गणित लैब बनाया और विद्यार्थियों की गणित संबंधित गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कहा गया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### फिल्म और टेलीविजन संकाय के अभिनय विभाग की ओर से वार्षिक रंगमंचीय प्रस्तुति की शुरुआत

# डीएलसी सुपवा में सैमुअल बेकेट के कालजयी नाटक वेटिंग फॉर गोडोट के मंचन को सबने खूब सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएलसी सुपवा के फिल्म और टेलीविजन संकाय के अभिनय विभाग द्वारा वार्षिक रंगमंचीय प्रस्तुति की शुरुआत प्रतिष्ठित आयरिश नाटककार सैमुअल बेकेट के नाटक वेटिंग फॉर गोडोट के मंचन के साथ की गई।

गोडोट के इंतज़ार में आधुनिक रंगमंच की एक महत्वपूर्ण कृति है, जिसमें दो पात्र व्लादिमीर और एस्ट्रागन एक रहस्यमयी व्यक्ति 'गोडोट' का अंतहीन और निष्फल इंतज़ार करते हैं। सीमित क्रिया और तीव्र संवादों के माध्यम से, यह नाटक मानव प्रयास की निरर्थकता, समय की अस्थिरता और एक अनिश्चित दुनिया में जीवन के अर्थ की तलाश जैसे गहन विषयों की पड़ताल करता है। इस वर्ष की प्रस्तुति का निर्देशन डॉ. सविता रानी द्वारा किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा हैं। इसमें डीएलसी सुपवा के छठे सेमेस्टर के चार प्रतिभाशाली अभिनय छात्रों द्वारा अभिनय किया जाएगा। कलाकारों ने इस बौद्धिक रूप से समृद्ध और भावनात्मक रूप से जटिल नाटक के लिए गहन प्रशिक्षण और रिहर्सल की है। दर्शकों ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।



**रोहतक।** डीएलसी सुपवा के फिल्म और टेलीविजन संकाय के अभिनय विभाग की ओर से आयोजित वार्षिक में गुरुवार को नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

**प्रस्तुति दार्शनिक विचारों से परिपूर्णः प्रो. श्री प्रकाश**

कुलपति प्रो. श्री प्रकाश ने नाटक से जुड़े सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की सराहना की और इसके शैक्षणिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियां हमारे छात्रों और संकाय की निरंतर विकसित होती गुणवत्ता का प्रमाण हैं। डीएलसी सुपवा में हम एक ऐसे वातावरण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां रचनात्मकता और चिंतनशीलता का संगम हो। यह प्रस्तुति न केवल कलात्मक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि गहरे दार्शनिक विचारों से भी परिपूर्ण है।

### सहायक प्रोफेसर दुश्यंत बोले-छात्रों के लिए यह एक दुर्लभ अवसर

कार्यक्रम समन्वयक एवं अभिनय विभाग के सहायक प्रोफेसर दुश्यंत ने इस प्रस्तुति की शैक्षणिक और कलात्मक प्रासंगिकता पर अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है कि वे इतने परतदार और कालजयी नाटक में खुद को पूरी तरह डुबो सकें। यह सिर्फ एक प्रस्तुति नहीं बल्कि अस्तित्व, समय और पहचान जैसे प्रश्नों पर एक बौद्धिक यात्रा है। कुलसचिव डॉ. गुंजन मलिक ने कहा कि डीएलसी सुपवा अपने वार्षिक रंगमंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से न केवल कलात्मक प्रतिभा को पोषित करता है, बल्कि छात्रों के लिए यह एक गहन शैक्षणिक अनुभव भी होता है।

### 23 को चैलेंजस ऑफ फूड सिक्योरिटी इन द एरा ऑफ क्लाइमेट चेंज पर कार्यशाला



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का बॉटनी विभाग 23 मई को चैलेंजस ऑफ फूड सिक्योरिटी इन द एरा ऑफ क्लाइमेट चेंज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेगा। बॉटनी विभाग की अध्यक्षा एवं इस कार्यशाला की कंवीनर प्रो. अनीता सहरावत ने बताया कि डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान बतौर मुख्यातिथि इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे।

कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत उद्घाटन सत्र में बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शिरकत करेंगे। आईएआरआई, नई दिल्ली के डॉ. मदनपाल तथा एचएयू हिसार के डॉ. अनिल पंघाल बतौर वक्ता इस कार्यशाला में संबोधन करेंगे। प्रो. सुरेन्द्र यादव इस कार्यशाला के कोआर्डिनेटर हैं तथा प्रो. आशा शर्मा और डॉ. सुंदर सिंह आर्य आयोजन सचिव हैं। यह कार्यशाला स्वराज सदन में सुबह 9:30 बजे से प्रारंभ होगी।